Postal Reg. No.GDP -45/2020-2022

अल्लाह तआला का आदेश

وَلَقَدْ صَرَّفْنَا لِلنَّاسِ
فِيْ هٰذَا الْقُرْاٰنِ مِنْ كُلِّ مَثَلٍ
فَاَبٰٓى اَكْثَرُ النَّاسِ اِلَّا كُفُوْرًا

(बनी ईसराईल : 90)

अनुवाद: वास्तव में, हमने इस क़ुरआन में लोगों के लिए हर प्रकार की मिसालें खूब फैर फैर कर वर्णन कर दी हैं।अतः अधिकांश मनुष्यों ने कृतघ्न होकर ही इन्कार कर दिया।

بِسْمِ اللّٰهِ الرَّحْمٰنِ الرَّحِيْمِ نَحْمَدُهٗ وَنُصَلِّيْ عَلٰى رَسُوْلِهِ الْكَرِيْمِ وَعَلٰى عَبْدِهِ الْمَسِيْحِ الْمَوْعُوْدِ

وَلَقَدْ نَصَرَكُمُ اللّٰهُ بِبَدْرٍ وَّاَنْتُمْ اَذِلَّةٌ

वर्ष- 8
अंक-38

साप्ताहिक क़ादियान

बदर

Weekly
BADAR Qadian
HINDI

मूल्य
600 रुपए
वार्षिक

संपादक
शेख़ मुजाहिद
अहमद

उप संपादक
सय्यद मुहियुद्दीन
फ़रीद

05 रबीउल अव्वल 1445 हिज्री कमरी, 21 तबूक 1402 हिज्री शम्सी, 21 सितंबर 2023 ई.

अख़बार-ए-अहमदिया

रूहानी ख़लीफ़ा इमाम जमाअत अहमदिया हज़रत मिर्ज़ा मसरूर अहमद साहिब ख़लीफ़तुल मसीह ख़ामिस अय्यदहुल्लाह तआला बिनस्रिहिल अज़ीज सकुशल हैं। अलहम्दो लिल्लाह। अल्लाह तआला हुज़ूर को सेहत तथा सलामती से रखे तथा प्रत्येक क्षण आप पर अपना फ़जल नाज़िल करता रहे। आमीन

ख़ुत्बः जुमअः

अंतिम शरई पुस्तक क़ुरआन-ए-करीम जिसका पढ़ना, सुनना, रखना भी पाकिस्तान में अहमदियों पर बैन (Ban) है, एक बहुत बड़ा अपराध है। वही पुस्तक है जिसके द्वारा जमाअत अहमदिया संसार में इस्लाम का संदेश पहुंचा रही है और संसार की इस्लाह कर रही है

आज मुझे विश्वास हो गया है कि जमाअत के ख़िलाफ़ झूठा प्रोपोगंडा हो रहा है और झूठा प्रोपोगंडा हमेशा इलाही जमाअतों के ख़िलाफ़ होता है (इमाम तमाने)

हमारे मुख़ालिफ़ जो पाकिस्तान में भी हैं केवल मुख़ालेफ़त, मुख़ालेफ़त करने के लिए न करें बल्कि हमारी तालीम को सुनें, पढ़ें, समझें। फिर जो आरोप है वे पेश करें

यही हज़रत मसीह मौऊद अलैहिस्सलाम ने बार-बार फ़रमाया है तुम लोग यूंही मुख़ालेफ़त करते हो मेरी बात तो पहले सुनो

पाकिस्तान में मुख़ालेफ़ीन अपनी पूरी कोशिश कर रहे हैं कि किसी तरह नुक़्सान पहुंचाएं लेकिन इन शा अल्लाह तआला एक दिन ख़ुद ही ये सब मर जाऐंगे

आज जमाअत अहमदिया ही है जो क़ुरआन-ए-करीम की गरिमा और स्थान को बुलंद करने और उसकी सच्ची शिक्षा बताने मे व्यस्त है
मैंने बहुत समय तक बहुत सारे धर्मों का पूर्णतः निरीक्षण किया है परंतु अब मैं इस नतीजे पर पहुंचा हूँ कि
जमात अहमदिया ही समस्त मसायल का हल देती है जिस से मेरे दिल-ओ-दिमाग़ को तसल्ली मिलती है। मुझे यहां पर रूहानियत महसूस होती है (चैक रीपब्लिक का एक नौजवान)

जमात अहमदिया पर बारिश की तरह नाज़िल होने वाली अल्लाह की सहायता और कृपा की ईमान अफ़रोज़ घटनाओं का संतुष्टि जनक वर्णन

कोविड (Covid) महामारी के हवाले से जमाअत के लोगों को एहतियात बरतने की तलक़ीन

श्रीमती अम्तुल हादी साहिबा, श्रीमान साक़िब कामरान साहिब नायब वकील M.T.A तहरीक-ए-जदीद, प्रिय आरिब कामरान और श्रीमान प्रोफ़ैसर डाक्टर मुहम्मद इसहाक़ दाऊदा साहिब आफ़ बेनिन का वर्णन और जनाज़ा ग़ायब

ख़ुत्बः जुमअः सय्यदना अमीरुल मो'मिनीन हज़रत मिर्ज़ा मसरूर अहमद ख़लीफ़तुल मसीह पंचम अय्यदहुल्लाहो तआला बिनस्रिहिल अज़ीज़, दिनांक 11 अगस्त 2023 ई. स्थान - मस्जिद मुबारक इस्लामाबाद सिर्रे (यू.के)

أَشْهَدُ أَنْ لَّا إِلٰهَ إِلَّا اللّٰهُ وَحْدَهٗ لَا شَرِيْكَ لَهٗ وَأَشْهَدُ أَنَّ مُحَمَّدًا عَبْدُهٗ وَ رَسُوْلُهٗ۔
أَمَّا بَعْدُ فَأَعُوْذُ بِاللّٰهِ مِنَ الشَّيْطٰنِ الرَّجِيْمِ۔ بِسْمِ اللّٰهِ الرَّحْمٰنِ الرَّحِيْمِ ۔ اَلْحَمْدُ لِلّٰهِ
رَبِّ الْعَالَمِيْنَ۔ اَلرَّحْمٰنِ الرَّحِيْمِ ۔ مٰلِكِ يَوْمِ الدِّيْنِ ۔اِيَّاكَ نَعْبُدُ وَ اِيَّاكَ نَسْتَعِيْنُ۔
اِهْدِنَا الصِّرَاطَ الْمُسْتَقِيْمَ۔صِرَاطَ الَّذِيْنَ اَنْعَمْتَ عَلَيْهِمْ ۔ غَيْرِ الْمَغْضُوْبِ عَلَيْهِمْ
وَلَا الضَّآلِّيْنَ

अल्लाह तआला के फ़ज़्लों की बारिश जो अल्लाह तआला के वादे के अनुसार आँहज़रत सल्लल्लाहो अलैहि वसल्लम के ग़ुलाम-ए-सादिक़ की जमाअत पर हर दिन होती है इस का वर्णन जलसे की रिपोर्ट में होता है।

वहां मैं ने बताया था कि थोड़े समय में सब कुछ वर्णन करना संभव नहीं। किस तरह अल्लाह तआला फ़ज़्ल फ़रमाता है, किस तरह अल्लाह तआला लोगों के दिलों को जमाअत के बारे में खौलता है, किस तरह ईमानों को अल्लाह तआला मज़बूत फ़रमाता है, किस तरह दुश्मनों को नाकाम करता है। बेशुमार वाक़ियात लोग लिखते

जमील अहमद नासिर प्रिंटर एवं पब्लिशर ने फ़ज़्ल-ए-उमर प्रिंटिंग प्रेस क़ादियान में छपवा कर दफ़्तर अख़बार बदर से प्रकाशित किया। प्रौपराइटर - **निगरान बदर बोर्ड क़ादियान**

रहते हैं उनमें से चंद मैं आज भी वर्णन करूँगा क्योंकि ये वाक़ियात बहुत से अहमदियों के दिलों में ईमान की मज़बूती का भी कारण बनते हैं।

अल्लाह तआला किस तरह तब्लीग़ के विभिन्न माध्यमों से सईद रूहों को जमाअत में ला रहा है और नई जमाअतें क़ायम हो रही हैं।

इस बारे में कोंगो किंशासा में जहां हमारा एफ़ ऐम रेडियो है वहां के लोकल मिशनरी हमीद साहिब लिखते हैं कि अवीरा (Uvira) शहर में हमारे रेडियो प्रोग्राम को सुन कर लोकल इमाम मस्जिद ईसा साहिब ने संपर्क किया और फिर वे मिशन हाऊस आए। जमाअत का पैग़ाम समझा और बैअत कर ली। न सिर्फ बैअत की बल्कि अपने गांव अंदेज़ी (Kiliba Ondezi) जा कर तब्लीग़ भी शुरू कर दी। उनकी तब्लीग़ के नतीजे में चौबीस लोग अहमदियत में दाख़िल हुए। जब हमारे मर्कज़ी मुबल्लिग सिलसिला ने वहां दौरा किया तो मज़ीद आठ लोगों ने बैअत की। इस तरह वहां जमाअत क़ायम हो गई। अब एक तरफ़ तो जो नेक फ़ितरत इमाम हैं उनको यह पैग़ाम सुनकर उसको समझने की अल्लाह तआला तौफ़ीक़ अता फ़रमाता है और दूसरी तरफ़ पाकिस्तानी उल्मा हैं जो सिवाए मुख़ालेफ़त के और कुछ नहीं जानते। कोंगो किंशासा के सूबे माइनदो नब्बे (Mai-Ndombe) के एक गांव में उमर मुनव्वर साहिब मुअल्लिम हैं। उनको तब्लीग़ के लिए वहां भेजा गया। वहाबी मुस्लमानों की एक मस्जिद में भी वे गए। लोगों में पम्फ़लेट तक़सीम किए। कुछ शरीर नौजवानों ने मस्जिद से निकल कर शोर मचाना शुरू कर दिया और पत्थर मारने शुरू कर दिए। अब जो कहते हैं कि अफ़्रीक़ा में तो लोग अनपढ़ हैं इसलिए बातें सुन लेते हैं। वहां भी मुख़ालेफ़त है। मुअल्लिम साहिब पत्थरों से बचाओ करते हुए बाक़ी लोगों को तब्लीग़ करते रहे और जो लोग थे वे उनके धैर्य और धीरज के रवैय्ये से बहुत प्रभावित हुए और उनमें से कुछ लोग जो इस वजह से निकल गए थे फिर दुबारा मस्जिद में आ गए और उनकी बातें सुनने लगे। जमाअत के मुताल्लिक़ प्रश्न हुए, आरोप पेश किए, बहुत सारे प्रश्नों के उत्तर दिए। एक उपद्रवी नौजवान ने जो बढ़-बढ़ के बातें कर रहा था, कहा कि तुम लोग लंदन जा कर हज करते हो जबकि रसूलुल्लाह सल्लल्लाहो अलैहि वसल्लम ने समस्त हज मक्के में किए थे। मुअल्लिम साहिब ने उस से प्रश्न किया कि तुम ये बताओ कि आंहुज़ूर सल्लल्लाहो अलैहि वसल्लम ने कितने हज किए थे? इस पर इस नौजवान ने कहा कि हुज़ूर सल्लल्लाहो अलैहि वसल्लम तो जब से पैदा हुए उन्होंने समस्त उम्र हज किए। इस पर मुअल्लिम ने कहा कि आप सल्लल्लाहो अलैहि वसल्लम ने तो सिर्फ एक ही हज किया है। मस्जिद में बैठे इमाम और दीगर बड़ी उम्र के लोगों ने इस नौजवान को बुरा-भला कहा कि तुम लोग सब फ़साद कर रहे हो। बहरहाल वे लोग जो फ़साद करने वाले थे शर्मिंदा हो कर वहां से चले गए। बाद में इमाम साहिब जमाअत के वफ़द को अपने घर ले गए जहां इनके इलावा दो और अइम्मा भी थे और कुछ और लोग भी थे इस तरह चालीस, बतालिस लोगों ने वहां जमाअत अहमदिया की इस तब्लीग़ से प्रभावित हो कर बैअत कर ली और यहां भी एक नई जमाअत क़ायम हो गई।

गिनी से इमाम तमाने कहते हैं कि आज तक हम जमाअत के बारे में यही सुनते आए हैं कि आप हज़रत मुहम्मद मुस्तफ़ा सल्लल्लाहो अलैहि वसल्लम और क़ुरआन और हदीस को नहीं मानते परंतु आज हमने जलसे का प्रोग्राम देखा था। कहते हैं आज इस जलसे की बरकत से हमने आपके ख़लीफ़ा को देखा और सुना है। उन्होंने तो अल्लाह तआला और हज़रत मुहम्मद मुस्तफ़ा सल्लल्लाहो अलैहि वसल्लम और क़ुरआन और हदीस के नसाएह फ़रमाए कहते हैं कि आज मुझे यक़ीन हो गया है कि जमाअत के ख़िलाफ़ झूठा प्रोपेगंडा हो रहा है और झूठा प्रोपेगंडा हमेशा इलाही जमाअतों के ख़िलाफ़ होता है।

इमाम साहिब इसी मस्जिद के इमाम थे कहते हैं मैं आज से जमाअत अहमदिया में दाख़िल होता हूँ और मैं अपने समस्त लोगों को जमाअत की तब्लीग़ करूँगा। अल्लाह के फ़ज़ल से यह तब्लीग़ कर भी रहे हैं और उनकी तब्लीग़ से नई जमाअतें भी क़ायम हो रही हैं।

अतः हमारे मुख़ालिफ़ जो पाकिस्तान में भी हैं सिर्फ मुख़ालेफ़त , मुख़ालेफ़त करने के लिए न करें बल्कि हमारी तालीम को सुनें, पढ़ें, समझें। फिर जो आरोप है वे पेश करें। यही हज़रत मसीह मौऊद अलैहिस्सलाम ने बार-बार फ़रमाया है तुम लोग यूंही मुख़ालेफ़त करते हो मेरी बात तो पहले सुनो।

(उद्धृत सिराज-ए-मुनीर, रुहानी ख़ज़ायन भाग 12 पृष्ठ 4)

अमीर साहिब लाइबेरिया ने लिखा कि किस तरह अल्लाह तआला मुख़ालेफ़त के बावजूद हमारी सहायता फ़रमाता है। दो वर्ष पहले निंबा (Nimba) काओनटी के एक टाउन गेनागले (Ganaglay) के कुछ लोग अहमदियत में दाख़िल हुए। पहले उनका ताल्लुक़ ईसाइयत से था या लामज़हब थे। बैअत के बाद इन अहबाब की तर्बीयत और नमाज़ों का इंतेज़ाम किसी घर के बरामदे में किया गया। लोकल मुबल्लिग मुर्तज़ा साहिब ने एक दिन नमाज़ के बाद अहबाब को दुआ की तहरीक की कि अल्लाह तआला हमें मस्जिद बनाने के लिए कोई उचित ज़मीन अता फ़रमाए। यह इलाक़ा ईसाइयत और नास्तिक लोगों का गढ़ है और ये लोग मुस्लमानों को अच्छा नहीं समझते इसलिए मस्जिद के लिए ज़मीन का हुसूल बहुत मुश्किल था। अभी बात चीत जारी थी कि एक शख़्स मिस्टर डाहन (Dahn) जो लामज़हब थे और ख़ुदा की हस्ती पर भी यक़ीन नहीं रखते वहां बैठे हुए थे उन्होंने खड़े हो के कहा कि जब से मिशनरी ने हमारे गांव में आना शुरू किया है मैं ने उनका बहुत अच्छा अख़लाक़ देखा है। सब लोगों से मिलते हैं, एक ही बर्तन में खाना खा लेते हैं यहाँ तक कि मैं जो ख़ुदा को नहीं मानता और पक्का शराबी हूँ मेरे पास भी आकर बैठ जाते हैं और हाल अहवाल पूछते हैं। मुझे इस तरह के अख़लाक़ पहले देखने को मिले।

मेरे पास एक प्लाट है जिस पर मैंने अपना घर बनाने का इरादा किया था लेकिन आज मैं इस प्लाट को मस्जिद के लिए देता हूँ।

इसलिए कुछ दिन के बाद बाक़ायदा उन्होंने बैअत भी कर ली। शराब को भी पूर्णतः छोड़ दिया। ये इन्क़लाब पैदा हुआ और इख़लास में तरक़्क़ी करते गए। इख़लास में ऐसी तरक़्क़ी की कि लोगों ने देखा कि ये बिल्कुल ही तबदील शूदा इन्सान बन गए हैं। यहां मस्जिद की तामीर का काम भी शुरू हो गया। लोगों ने चीफ़ के पास एतराज़ किया कि वहां मस्जिद नहीं बनने देनी लेकिन मिस्टर डाहन (Dahn) ने बड़े साहस से कहा कि मैं ने मस्जिद को जगह दी है और यहां मस्जिद बनेगी। इसलिए यह मस्जिद पूर्ण भी हो गई और इस इलाक़े में यह पहली मस्जिद है। इस का नाम मस्जिद नूर है। इस तरह ग़ैर मुस्लिम और अल्लाह तआला को न मानने वाले नास्तिक जो लोग हैं वे भी अल्लाह तआला के फ़ज़ल से न सिर्फ अल्लाह तआला की हस्ती पर यक़ीन रख रहे हैं बल्कि इस्लाम को सच्चा मज़हब समझ कर तस्लीम कर रहे हैं।

बरोंडी में एक क़स्बा है नियानज़ीलक (Nyanza Lac) यहां जमाअत की काफ़ी ज़्यादा मुख़ालेफ़त है क्योंकि इस इलाक़े में मुस्लमान भी हैं। सुन्नी मस्जिद के इमाम ने हर तरह से कोशिश की कि जमाअत की मस्जिद को बंद करवाया जाए। इसके लिए वे सरकारी ओहदेदारों से भी मिला लेकिन उसकी एक न चली। हमारे मुअल्लिम इस मस्जिद के इमाम ने सवाल-ओ-जवाब के लिए बुलाया। सवाल-ओ-जवाब में वफ़ात-ए-मसीह पर बेहस शुरू हुई। जब मुअल्लिम साहिब ने क़ुरआन-ए-करीम के दलायल से वफ़ात मसीह साबित की तो उन तथाकथित उल्मा से उत्तर तो न बन सका जबकि मुअल्लिम से लड़ाई शुरू कर दी और जमाअत पर कुफ़्र का फ़तवा लगाया। इस पर एक ईसाई ने खड़े हो कर जमाअत के मत का समर्थन किया और इस मौलवी को वाज़िह किया कि जमाअत अहमदिया मुस्लमान है। आपका इस्लाम समझ से बाहर है। उनका तो समझ आता है कि ये क्या कहते हैं। दूसरी तरफ़ इस मस्जिद के मौलवियों की मस्जिद में ही आपस में लड़ाई हो गई और इस वजह से हुकूमत को दख़ल अंदाज़ी करनी पड़ी और उनकी मस्जिद को तीन माह के लिए हुकूमत ने बंद कर दिया।

जो हमारी मस्जिद को बंद करना चाहते थे उनका अपना यह हाल हुआ कि मस्जिद बंद हो गई अब यह तरीक़ बाक़ायदा साज़िश के तहत तथाकथित उल्मा हर स्थान पर दखल कर रहे हैं कि अहमदियों की मस्जिदें बंद करवाओ। पाकिस्तान या पाकिस्तान की तरह अगर मस्जिदें बंद नहीं होतीं तो मीनार और मेहराबें गिराओ। अब पाकिस्तान का क़ानून भी जो है इस में कहीं नहीं लिखा कि अहमदियों को मीनार बनाने की इजाज़त नहीं है लेकिन हुकूमत इन मौलवियों के सामने, तथाकथित उल्मा के सामने घुटने टेकने पर मजबूर है बहर हाल ये अपनी पूरी कोशिश कर रहे हैं कि किसी तरह नुक़्सान पहुंचाएं लेकिन इन शा अल्लाह तआला एक दिन ख़ुद ही ये सब मर जाऐंगे।

पाकिस्तान में हमें क़ुरआन-ए-करीम की इशाअत पर पाबंदी है, अनुवाद का तो सवाल ही पैदा नहीं होता। नाज़रा प्रकाशित होना भी नाक़ाबिल-ए-माफ़ी अपराध है बल्कि कुछ लोगों पर इसलिए सख़्ती भी की गई। ऐसे भी केस दर्ज हुए हैं कि तुम क़ुरआन-ए-करीम सुन क्यों रहे थे, रिकार्डिंग पर क्यों लगाया हुआ था। अब ये तथाकथित मुस्लमानों का इस्लाम है। मुल्लां ने दीन को बिगाड़ के रख दिया है। इस के मुक़ाबिल पर अल्लाह तआला हमारे लिए किस तरह रास्ते खोलता है। हम संसार के विभिन्न देशों में क़ुरआन-ए-करीम किस तरह प्रस्तुत कर रहे हैं। हमारे क़ुरआन हर जगह किस तरह पसंद किए जाते हैं खासतौर पर अनुवाद जो जिस भाषा में भी हुआ वे लोगों की तवज्जा अपनी तरफ़ खींचता है।

वास्तव में तनज़ानिया के एक मुअल्लिम साहिब ने बताया कि वह एक इलाक़े में

शेष पृष्ठ 08 पर

ख़ुत्बः जुमअः

यह सोच है जो हमारे हर ओहदेदार में होनी चाहिए कि क़ौम के सरदार उसके ख़ादिम हैं
हर ओहदा या कोई ख़िदमत जिस पर किसी को निर्धारित किया जाता है अमानत हैं

हमें यह कोशिश करनी चाहिए कि हम अपने में से बेहतरीन लोग चुने और दुआ करके चुना करें
जिसको मैं किसी काम के लिए निर्धारित करता हूँ अल्लाह तआला उसकी सहायता फ़रमाता है और जो इच्छा करके ख़ुद-काम अपने सिर पर ले उसकी फिर अल्लाह तआला की तरफ़ से सहायता नहीं होती (अल् हदीस)

अगर कोई किसी ओहदे के लिए ख़ाहिश रखता हो तो जमाअती निज़ाम में और हर इंतेख़ाबी फ़ोर्म में उसकी हौसलाशिकनी होनी चाहिए
जो भी मजलिस-ए-इंतेख़ाब के मैंबर बनें वे अल्लाह तआला के हुक्म के मुताबिक़ अपनी राए देने का हक़ इस्तेमाल करें और दुआ के बाद और इन्साफ़ से अपनी नज़र में बेहतरीन व्यक्ति की सिफ़ारिश ख़लीफ़-ए-वक़्त को पेश करें
कुछ ओहदेदारों के मुताल्लिक़ शिकायात आती हैं कि उनके व्यवहारों में आजिज़ी नहीं होती और ऐसा इज़हार होता है जैसे इस ओहदे के बाद वह कोई ग़ैरमामूली शख़्सियत बन गए हैं

ओहदेदार अपने अंदर विनम्रता पैदा करें और जो ज़िम्मेदारी दी गई है उसे उसका हक़ अदा करते हुए अदा करने की कोशिश करें
अगर तर्बीयत का विभाग सक्रिय हो जाए तो बाक़ी विभाग ख़ुद बख़ुद मेरे अंदाज़े के मुताबिक़ कम से कम सत्तर फ़ीसद तक बेहतर रंग में काम करना शुरू कर देंगे

हर ओहदेदार का यह भी काम है कि जमाअत के लोगों से ज़ाती संपर्क रखकर उनसे ज़ाती ताल्लुक़ बढ़ाएं

निज़ाम-ए-जमाअत तो एक दूसरे के साथ हमदर्दी के जज़बात पैदा करने के लिए और एक दूसरे का ख़्याल रखने के लिए बनाया गया है

हम सब एक हैं। भाई भाई हैं और हज़रत मसीह मौऊद अलैहिस्सलाम के मिशन को पूरा करने के लिए अपनी अपनी शक्तियों के मुताबिक़ कोशिश कर रहे हैं
यही सोच है जो निज़ाम जमाअत को एक ख़ूबसूरत निज़ाम बना सकती है और यही सोच है जो हमें अल्लाह तआला के भी क़रीब कर सकती है

संसार की समस्त जमाअतों की मुल्की और स्थानिय आमिला और इसी तरह ज़ेली तन्ज़ीमों को इस बारे में बहुत सोच विचार और एक लाहे अमल की ज़रूरत है ताकि अपनी अमानतों का हक़ अदा कर सकें

अगर विभाग तर्बीयत सक्रिय है तो उमूर-ए-आम्मा के बहुत से मसायल हल हो जाते हैं जो जमाअत के लोगों के आपस के झगड़ों से ताल्लुक़ रखते हैं या जमाअत के लोगों के ग़लत कामों में ग्रस्त होने से ताल्लुक़ रखते हैं या मुख़ालेफ़ीन के किसी माध्यम से या कमज़ोर ईमान वालों के माध्यम से जमाअत में बेचैनी पैदा करने की जो कोशिश होती है इस से रखते हैं

जमाअत के लोगों को मैं बता दूं कि जो भी ख़त उनका यहां आता है, यहां पहुंच जाए वह खोला भी जाता है पढ़ा भी जाता है और उस पर कार्रवाई भी की जाती है

ओहदेदारों का काम है कि अल्लाह तआला ने उनके सपुर्द जो अमानतें कर दी हैं उनका हक़ अदा करें और अपने फ़रायज़ नेक नीयती से अदा करें। अल्लाह तआला का ख़ौफ़ दिल में रखते हुए अदा करें। अल्लाह तआला की रज़ा हासिल करने के लिए अदा करें। ख़लीफ़ा वक़्त का सुलतान नसीर बनते हुए अदा करें। यहाँ तक कि लोगों के ईमानों की मज़बूती और उनको फ़ायदा पहुंचाने के लिए अदा करें
ओहदेदारान के फ़रायज़ और ज़िम्मेदारियाँ

ख़ुत्बः जुमअः सय्यदना अमीरुल मो'मिनीन हज़रत मिर्ज़ा मसरूर अहमद ख़लीफ़तुल मसीह पंचम अय्यदहुल्लाहो तआला बिनस्रिहिल अज़ीज़, दिनांक 18 अगस्त 2023 ई. स्थान - मस्जिद मुबारक इस्लामाबाद सिर्रे (यू.के)

أَشْهَدُ أَنْ لَّا إِلٰهَ اِلَّا اللهُ وَحْدَهٗ لَا شَرِيكَ لَهٗ وَأَشْهَدُ أَنَّ مُحَمَّدًا عَبْدُهٗ وَ رَسُوْلُهٗ۔
أَمَّا بَعْدُ فَأَعُوْذُ بِاللهِ مِنَ الشَّيْطٰنِ الرَّجِيْمِ۔ بِسْمِ اللهِ الرَّحْمٰنِ الرَّحِيْمِ ۔ اَلْحَمْدُلِلّٰهِ
رَبِّ الْعَالَمِيْنَ۔ اَلرَّحْمٰنِ الرَّحِيْمِ ۔ مٰلِكِ يَوْمِ الدِّيْنِ ۔اِيَّاكَ نَعْبُدُ وَ اِيَّاكَ نَسْتَعِيْنُ۔
اِهْدِنَا الصِّرَاطَ الْمُسْتَقِيْمَ۔صِرَاطَ الَّذِيْنَ اَنْعَمْتَ عَلَيْهِمْ ۔ غَيْرِالْمَغْضُوْبِ عَلَيْهِمْ
وَلَاالضَّآلِّيْنَ

अल्लाह तआला क़ुरआन-ए-करीम में फ़रमाता है اِنَّ اللهَ يَاْمُرُكُمْ اَنْ تُؤَدُّوا الْاَمٰنٰتِ اِلٰٓى اَهْلِهَا (अल् निसा : 59) अर्थात निसंदेह अल्लाह तआला हुक्म देता है कि अमानत उनके योग्य लोगों के सपुर्द करो। फिर एक हदीस में आता है। आँहज़रत सल्लल्लाहो अलैहि वसल्लम ने फ़रमाया कि कोई ओहदा और ऐसा मुक़ाम जिसमें लोगों के मुआमलात देखने का इख़तेयार दिया गया हो या लोगों को निगरान निर्धारित किया गया हो तो यह भी एक अमानत है।

(सही मुस्लिम पुस्तक الامارةباب كراهةالامارةبغيرضرورة हदीस4719)

अतः इस लिहाज़ से हमारे जमाअती निज़ाम में भी हर ओहदा या कोई ख़िदमत जिस पर किसी को निर्धारित किया जाता है अमानत हैं।

हमारी जमाअत में जमाअती निज़ाम में हर सतह पर हम अपने ओहदेदार निर्धारित करते हैं। स्थानिय सतह से ले कर मर्कज़ी, मुल्की सतह तक। इसी तरह मर्कज़ में हैं फिर ज़ेली तन्ज़ीमों में इसी तर्तीब से नर्धारित किए जाते हैं। मर्कज़ी निज़ाम है या ज़े ली तंज़ीम का निज़ाम है हर जगह निचली सतह से लेकर मर्कज़ी सतह तक ओहदेदार निर्धारित किए जाते हैं और साधारणतः यह इंतेख़ाब के द्वारा होता है। अतः अल्लाह तआला का हुक्म है कि जब तुम यह ओहदेदार मुंतख़ब करो तो ऐसे लोगों को मुंतख़ब करो जो बज़ाहिर नज़र अर्थात तुम्हारी नज़र में इस काम के लिए बेहतरीन हैं और अपने काम की अमानत का हक़ अदा कर सकते हैं।

चुनाव के वक़्त दोस्तों या रिश्तेदारी का ख़्याल नहीं रखना चाहिए। कई दफ़ा कुछ ओहदेदार मर्कज़ी तौर पर या ख़लीफ़ा वक़्त की तरफ़ से बराह-ए-रास्त भी निर्धारित कर दिए जाते हैं और कोशिश यही होती है कि ग़ौर करके जो बेहतरीन व्यक्ति इस काम के लिए हो उसे निर्धारित किया जाए लेकिन कई दफ़ा अंदाज़े की ग़लती भी हो सकती है या ओहदे हासिल करने के बाद लोगों के स्वभाव बदल जाते हैं और जो आजिज़ी और मेहनत से और इन्साफ़ से काम करने की रूह एक ओहदेदार में होनी चाहिए वह नहीं रहती। तो फिर ऐसे शख़्स के व्यवहार की ज़िम्मेदारी उसी पर होगी न कि मुंतख़ब करने वाले पर। बहरहाल हमें यह कोशिश करनी चाहिए कि हम अपने में से बेहतरीन लोग मुंतख़ब करें और दुआ करके मुंतख़ब करें।

बहरहाल आम तौर पर यह कोशिश होती है कि जो शख़्स किसी काम के लिए निर्धारत किया जा रहा है वह ऐसा न हो जो आगे बढ़ बढ़कर सिर्फ इसलिए आ रहा है कि मैं ओहदेदार बन जाऊं। अगर कई दफ़ा ऐसे शख़्स का नाम जमाअत के अफ़राद की तरफ़ से किसी ओहदे के लिए प्रस्तुत हो कर आ भी जाए तो मर्कज़ को या ख़लीफ़ा वक़्त को अगर उसके हालात का पता हो तो उसे काम नहीं दिया जाता और यह बात ऐन आँहज़रत सल्लल्लाहो अलैहि वसल्लम के इरशाद के मुताबिक़ है। एक रिवायत है कि आँहज़रत सल्लल्लाहो अलैहि वसल्लम के सामने दो शख़्स आए और कहा कि हमें अमुक काम सपुर्द कर दिया जाए, हम उस के योग्य हैं। आप सल्लल्लाहो अलैहि वसल्लम ने फ़रमाया कि जिसको मैं किसी काम के लिए निर्धारित करता हूँ अल्लाह तआला उसकी सहायता फ़रमाता है और जो इच्छा कर के ख़ुद--काम अपने सिर पर ले उसकी फिर अल्लाह तआला की तरफ़ से सहायता नहीं होती।

(सही अल् बुख़ारी पुस्तक अल् हकाम बाब من لم يسأل الامارة اعانه الله عليها हदीस : 7146)

(सही अल् बुख़ारी पुस्तक अल् हकाम बाब الاحكام باب ما يكره من الحرص على الامارة हदीस : 7149)

उसके काम में बरकत नहीं पड़ती। इसलिए कभी ओहदे की ख़ाहिश करके ओहदा लेने की कोशिश नहीं होनी चाहिए।

हाँ ख़िदमत-ए-दीन का शौक़ ज़रूर होना चाहिए। मुझे अवसर मिले मैं ख़िदमत-ए-दीन करूँ और यह ख़िदमत किसी भी रंग में मिले उसे बजा लाने के लिए भरपूर कोशिश करनी चाहिए।

अतः ओहदे की ख़ाहिश करना, किसी काम का निगरान बन कर उसे करने की ख़ाहिश करना पसंदीदा नहीं है।

हाँ ख़िदमत की भावना होना चाहिए चाहे वह किसी भी रंग में हो, यह पसंदीदा बात है।

अतः ये बातें चुनने वालों को भी हमेशा सामने रखनी चाहिऐं। क़ुरआन-ए--करीम के हुक्म को और आँहज़रत सल्लल्लाहो अलैहि वसल्लम के इरशाद को हमेशा सामने रखना चाहिए कि तुम्हारी नज़र में दुआ के बाद जो उचित योग्य लोग हैं किसी ख़िदमत के लिए, उन्हें मुंतख़ब करो। और यह कहो अगर कोई किसी ओहदे के लिए इच्छा रखता हो तो जमाअती निज़ाम में और हर इंतेख़ाबी फ़ोर्म में उस की हौसलाशिकनी होनी चाहिए और चुनने वाले को इन्साफ़ से अपना इंतेख़ाब करने का हक़ प्रयोग करना चाहिए।

साधारणतः इंतेख़ाब का यह तरीक़ है कि मुल्की मर्कज़ी सतह पर ओहदेदारान के मुंतख़ब करने की राय इंतेख़ाब के नतायज के साथ ख़लीफ़-ए-वक़्त को पेश की जाती है और ख़लीफ़-ए-वक़्त को इख़्तेयार है कि वह चाहे अधिक राए से पेश किए हुए नाम का चुनाव करे या किसी कम वोट हासिल करने वाले को चुने। कई दफ़ा उस शख़्स के बारे में कुछ मालूमात और कुछ ऐसे हालात का मर्कज़ और ख़लीफ़ा वक़्त को इलम होता है और आम आदमी को नहीं तो बहरहाल यह ज़रूरी नहीं है कि अधिक वोट वाले को ज़रूर निर्धरित किया जाए।

इसी तरह मुल्की जमाअतों के जो इंतेख़ाब हैं उनमें कायदे के अनुसार कुछ की मंज़ूरी मुक़ामी मर्कज़ी इंतेज़ामिया दे देती है और अगरकोई तबदीली करनी हो तो ख़लीफ़-ए-वक़्त से पूछ लेते हैं। कोशिश तो बहरहाल यह की जाती है कि जिस हद तक संभव हो अच्छे काम करने वाले ओहदेदार उपलब्ध हों लेकिन कुछ जगह जिस किस्म के लोग मोजूद हैं उनमें से ही चुनने पड़ते हैं लेकिन यहां फिर चुनने वालों को, मुंतख़ब करने वालों को ख़्याल रखना चाहिए कि अमानत का अपनी ताकतों के अनुसार बेहतरीन रंग में हक़ अदा करने वाले लोग मुंतख़ब हों और कभी किसी ख़ाहिश करने वाले को या दोस्ती की वजह से या रिश्तेदारी की वजह से या यह देखकर राय नहीं देनी चाहिए कि अक्सर हाथ किसी शख़्स के लिए खड़े हुए हैं तो मैं भी अपना हाथ खड़ा कर दूं। यह अल्लाह तआला के हुक्म की नफ़ी है और आँहज़रत सल्लल्लाहो अलैहि वसल्लम के इरशाद की नफ़ी है।

जबकि जमाअती मर्कज़ी निज़ाम के इंतेख़ाबात तो इस वर्ष नहीं होने, हो चुके हैं लेकिन ज़ेली तन्ज़ीमों के इंतेख़ाबात होने हैं कुछ जगह अंसार के, ख़ुद्दाम के, लजना के, तो उन तन्ज़ीमों के मैंबरान को चाहिए कि जो भी मज्लिस-ए-इंतेख़ाब के मैंबर बनें वे अल्लाह तआला के हुक्म के मुताबिक़ अपनी राय देने का हक़ प्रयोग करें और दुआ के बाद और इन्साफ़ से अपनी नज़र में बेहतरीन शख़्स की सिफ़ारिश ख़लीफ़-ए-वक़्त को पेश करें।

अगर हम इन्साफ़ के साथ अपने इस कर्तव्य को पूरा करने वाले बन जाऐंगे तो तभी जमाअती तरक़्क़ी में हमारा स्थान मुसबत होगा और हम अल्लाह तआला की रज़ा हासिल करने वाले हो जाऐंगे।

इसके साथ ही में ओहदेदारों को भी उनकी ज़िम्मेदारियों की तरफ़ तवज्जा दिलाना चाहता हूँ। निसंदेह जमाअती ओहदेदार मुंतख़ब हो चुके हैं लेकिन उन्हें हमेशा अपनी ज़िम्मेदारियों का एहसास होना चाहिए और हमेशा यह ख़्याल रखना चाहिए कि अल्लाह तआला ने हमें ख़िदमत का अवसर दिया है तो उसके फ़ज़लों को हासिल करने के लिए हमें हर किस्म के व्यक्तिगत लाभ से हट कर अपने काम को अल्लाह तआला की ख़ुशनुदी हासिल करने के लिए सरअंजाम देना चाहिए।

कुछ ओहदेदारों के विषय में शिकायात आती हैं कि उनके व्यवहारों में विनम्रता नहीं होती और ऐसा इज़हार होता है जैसे इस ओहदे के बाद वे कोई ग़ैरमामूली शख़्सियत बन गए हैं।

मैं यह तो नहीं कहता कि फ़िरऔनियत पैदा हो गई लेकिन बहरहाल अपने आपको बड़ा समझने लग जाते हैं। खासतौर पर जिन ओहदेदारों को सीधे नियुक्त किया जाता है और वे वाक़िफ़ ज़िंदगी भी हैं उनमें अगर यह बात पैदा हो तो यह बिल्कुल काबिल-ए-बर्दाश्त नहीं। कुछ वाकफ़ीन-ए-ज़िंदगी को जनरल सैक्रेटरी बनाया गया तो उनके बारे में शिकायत है कि बड़ा घमंड वाला व्यवहार है। सलाम तक का उत्तर नहीं देते। ऐसे रवैय्ये दिखाने वाले अपनी इस्लाह करें और अल्लाह तआला ने जो ख़िदमत का अवसर दिया है तो ज़मीन पर झुकें और हर बच्चे बड़े से प्यार और आजिज़ी से मिलीं। आपको निर्धारित किया गया है कि जमात के लोग की ख़िदमत करें न यह कि उन पर किसी किस्म की अफ़्सर शाही का रोब डालें।

फिर कुछ ऐसे हैं जो अपने काम भी सही तरह सरअंजाम नहीं देते। यहां मेरी तरफ़ से भी कुछ मुआमलात रिपोर्ट के लिए जाते हैं तो उनकी दराज़ में पड़े रहते हैं जब तक याद-देहानी न कराओ, बार-बार न पूछो और छः महीने साल बाद फिर एक माफ़ी नाम लिख कर कह देते हैं कि हमारे से ग़लती हो गई। हम उन पर बरवक़्त कार्रवाई नहीं कर सके। अगर मर्कज़ के ख़ुतूत के साथ, ख़लीफ़ा वक़्त के ख़तों के साथ उनका यह सुलूक है और यह रवैय्या है तो फिर आम जमाअत के लोगों के विषय में उनसे किस तरह आशा की जा सकती है कि नेक सुलूक करते होंगे। इन लोगों को अपनी इस्लाह करनी चाहिए अन्यथा उनको ख़िदमत से फ़ारिग़ कर दिया जाएगा। ओहदेदारान को कुछ और ज़िम्मेदारियों की तरफ़ भी मैं तवज्जा दिलाना चाहूँगा।

एक तो यही कि अपने अंदर विनम्रता पैदा करें और जो ज़िम्मेदारी दी गई है उसे उसका हक़ अदा करते हुए अदा करने की कोशिश करें।

हर वक़्त यह ज़हन में रहे कि ख़ुदा तआला हमारे ऊपर निगरान है। वह हमारी हर हरकत देख रहा है। कोई ओहदा मिलने के बाद हम हर किस्म की बंदिशों से आज़ाद नहीं हो गए बल्कि हम ख़ुदा तआला की पकड़ के नीचे ज़्यादा आ गए हैं। लोगों ने हमें निर्धरित किया है, हम पर विश्वास कर के ख़लीफ़ा वक़्त ने हमें इस ख़िदमत के लिए स्वीकार किया है तो हमें इस विश्वास को क़ायम रखने की कोशिश करनी है और अपनी समस्त सलाहियतें इस ख़िदमत को बे-हतरीन रंग में अदा करने के लिए खर्च करनी हैं। यह सोच होगी तो तभी सही काम करने की रूह भी पैदा होगी और जमाअत के लोगों का भी सहयोग रहेगा। अक्सर ओहदेदार जो शिकायत करते हैं कि कुछ विभागों में जमाअत के लोगों सहयोग नहीं करते निसंदेह ये लोगों की भी ज़िम्मेदारी है कि जिन लोगों को उन्होंने ख़ुद ख़िदमत के लिए चुना है उनसे सहयोग भी करें लेकिन साथ ही ओहदेदारान का भी काम है कि अपनी बेहतरीन उदाहरणे लोगों के सामने प्र-स्तुत करें। अब एक ओहदेदार की रिपोर्ट मिली कि वह अपनी आमद पर सही चंदा नहीं देता और न ही कम शरह से चंदा अदा करने की आज्ञा लेनी चाहता है तो ऐसा व्यक्ति फिर दूसरों के लिए क्या उदाहरण पेश करेगा? दूसरों को किस तरह कहेगा कि माली क़ुर्बानी करो? अतः अपने ज़ाती उदाहरण बहुत ज़रूरी हैं। बहुत ज़्यादा अस्तग़फ़ार की ज़रूरत है। अल्लाह तआला की तस्बीह करने की ज़रूरत है। अपनी हालतों के जायज़े लेने की ज़रूरत है।

अगर एक सैक्रेटरी तर्बीयत ख़ुद पाँच वक़्त बा-जमाअत नमाज़ अदा करने की तरफ़ तवज्जा नहीं देता तो दूसरों को किस तरह तलक़ीन कर सकता है कि नमाज़ों की तरफ़ तवज्जा दो। इसी तरह एक वाक़िफ़-ए-ज़िंदगी और मुरब्बी ख़ुद नवाफ़िल अदा करने की तरफ़ तवज्जा नहीं दे रहा तो जमाअत के लोगों को वह किस तरह नसीहत कर सकता है कि इबादतों की तरफ़ तवज्जा करो। हज़रत मसीह मौऊद अलैहिस्सलाम ने इसी तरफ़ तो हमारी तवज्जा दिलाई है कि ग़ैर अहमदी मौलवी नसीहत करता है लेकिन उसके अमल उसकी नसीहत के मुताबिक़ नहीं हैं इसलिए उसकी बातों का प्रभाव नहीं होता।

(उद्धृत मल् फ़ूज़ात भाग 1 पृष्ठ 67 ऐडीशन 1984 ई.)

अतः हमारे लिए तो हर क्षण बड़ी फ़िक्र से गुज़ारने की ज़रूरत है। हर क़दम बड़ा फूंक-फूंक कर कदम उठाने की ज़रूरत है। जब ये होगा तब ही हम अपनी अमानतों का हक़ अदा करने वाले होंगे।

सेक्रटरियान-ए-तर्बीयत अगर अपने उदाहरण क़ायम करते हुए प्यार और मुहब्बत के साथ जमाअत की तर्बीयत करें तो जमात के लोग में एक इन्क़लाबी तबदीली पैदा कर सकते हैं।

हर ओहदेदार को अपने विभाग की बेहतरी के लिए कम से कम दो नफ़ल भी रोज़ाना पढ़ने चाहिए कि अल्लाह तआला बरकत अता फ़रमाए। अगर तर्बीयत का विभाग सक्रिय हो जाए तो बाक़ी विभाग ख़ुद बख़ुद मेरे अनुमान के मुताबिक़ कम से कम सत्तर फ़ीसद तक बेहतर रंग में काम करना शुरू कर देंगे।

अतः हमेशा याद रखना चाहिए कि ओहदेदारों ने अपने उदाहरण क़ायम करने हैं और खासतौर पर जमाअत ओमरा ने, सदरान-ए-जमाअत ने और विशेषता सेक्रेटरी तरबियत ने बाक़ी ने भी करने हैं, यह नहीं कि बाक़ी न भी करें तो कोई फ़र्क़ नहीं पड़ता। मेरा उन ओहदेदारों को ख़ास तवज्जा दिलाने का हरगिज़ यह मतलब नहीं है कि बाक़ी न भी करें तो फ़र्क़ नहीं पड़ता। प्रत्येक करेगा तभी जमाअती तरक़्क़ी सही तरह होगी। अगर अपने उदाहरण नहीं दिखाएंगे तो यह नहीं कि कोई फ़र्क़ नहीं पड़ता। बहुत फ़र्क़ पड़ता है। प्रत्येक ओहदेदार के अमल का फ़र्क़ पड़ता है। अगर सैक्रेटरी माल ख़ुद अपने चंदे सावधानी से अदा नहीं कर रहा तो दूसरों को क्या कहेगा, जैसा कि मैंने बताया और फिर उसके कहने में क्या बरकत होगी? अगर तब्लीग़ का सैक्रेटरी तब्लीग़ का हक़ अदा ही नहीं कर रहा तो जमाअत के लोगों को किस तरह तब्लीग़ के लिए उपदेश देगा? अतः प्रत्येक विभाग अहम है। इसी तरह ज़ेली तन्ज़ीमों के सदरान के ओहदे हैं और बाक़ी आमिला के मैंबरान के ओहदे महत्वपूर्ण हैं।

ज़ेली तन्ज़ीमों में भी प्रत्येक सतह पर अपने आपको सक्रिय करना होगा।

कुछ जगह सदर लजना के बारे में शिकायत आती है कि उनके रवैय्ये ठीक नहीं हैं। कुछ के नौ-मुबाईनात के साथ रवैय्ये ठीक नहीं हैं। उनको खींचने के बजाय उनको दौड़ाने का कारण बन रही हैं। इन नौ-मुबाईनात को बड़े ग़लत तरीक़े से कहा जाता है कि हम तुम्हारी इस्लाह करेंगे जबकि मेरे नज़दीक ख़ुद ऐसी सदर लजना की इस्लाह होनी चाहिए और यह इसलिए होता है कि चंद लोगों के पास ओहदे लंबे समय से चलते रहते हैं। मेमबरात लजना भी अपने इंतेख़ाब में नहीं देखतीं कि कौन योग्य है और कौन नहीं है जिसके नतीजे में ख़राबियां पैदा होती हैं। फिर शिकायात आती हैं और जब ख़राबियां पैदा हों तो और लोगों के ईमान को ठोकर लगती है। अगर चुनने वालियाँ ख़ुद अपना राय देने का हक ही इन्साफ़ से और अल्लाह तआला का ख़ौफ़ रखते हुए अदा नहीं कर रहीं तो फिर शिकायत भी नहीं चाहिए। अतः इंतेख़ाबात के वक़्त अमानतों के योग्य लोगों को मुंतख़ब करें तो शिकायात ख़त्म होंगी अन्यथा हम अपनी इस्लाह नहीं कर सकते।

ओहदेदारों से में यह भी कहूँगा कि वह स्टेजों पर बैठने के लिए नहीं हैं। हर ओहदेदार को अपनी डियूटी एक आम कारकुन बन कर देनी चाहिए।

एक नौमुबाईना महिला ने मुझ से वर्णन किया। इस जलसे पर बाहर से आई हुई महिला थी कि यहां जलसे पर एक बात ने मुझे बहुत प्रभावित किया। मैंने देखा कि सदर लजना डिसिप्लिन की डयूटी वाली लड़कियों के साथ डयूटी दे रही थी। यह तो बहरहाल इस सदर का फ़र्ज़ था। यह कोई ग़ैरमामूली काम नहीं जो उसने किया। अगर डियूटी न दे रही हो और हर जगह पर निगरानी न कर रही हो तो तब वह क़सूरवार है। अगर सदर ख़ुद इस तरह डयूटी न दे या चैक न करे तो वह अपनी अमानत का हक़ अदा नहीं कर रही लेकिन बहरहाल जो अपनी अमानत का हक़ अदा करने वाले ओहदेदार हैं वह दूसरों की इस्लाह का भी माध्यम बनते हैं और लजना में बनती हैं।

अतः यह सोच है जो हमारे हर ओहदेदार में होनी चाहिए कि क़ौम के सरदार उसके ख़ादिम हैं।

यह आँहज़रत सल्लल्लाहो अलैहि वसल्लम का फ़रमान है।

इसी तरह आम हालात में भी प्रत्येक ओहदेदार का यह भी काम है कि जमाअत के लोगों से ज़ाती संपर्क रख कर उनसे ज़ाती ताल्लुक़ बढ़ाएं। उनकी ख़ुशी ग़मी में शामिल हों। हर जमाअत के व्यक्ति को यह एहसास पैदा करवाएं कि निज़ाम-ए-जमात तो एक दूसरे के साथ हमदर्दी के जज़बात पैदा करने के लिए और एक दूसरे का ख़्याल रखने के लिए बनाया गया है। न कि कोई अफ़्सर है या कोई मातहत है। कोई बड़ा है या कोई छोटा है।

हम सब एक हैं। भाई -भाई हैं और हज़रत मसीह मौऊद अलैहिस्सलाम के मिशन को पूरा करने के लिए अपनी अपनी शक्तियों के मुताबिक़ कोशिश कर रहे हैं। यही सोच है जो निज़ाम-ए-जमाअत को एक ख़ूबसूरत निज़ाम बना सकती है और यही सोच है जो हमें अल्लाह तआला के भी क़रीब कर सकती है।

और यह सोच न रखने और इसके ख़िलाफ़ अमल करने से हम अल्लाह तआला की नाराज़गी भी मोल लेने वाले होंगे। एक रिवायत में आता है हज़रत माक़ल बिन यसार रज़ियल्लाहु अन्हो वर्णन करते हैं कि मैंने आँहज़रत सल्ल-ल्लाहो अलैहि वसल्लम को फ़रमाते हुए सुना कि जिसको अल्लाह तआला ने लोगों का निगरान और ज़िम्मेदार बनाया है वह अगर लोगों की निगरानी, अपने फ़र्ज़ की अदायगी और उनकी ख़ैर ख़्वाही में कोताही करता है तो उसके मरने पर अल्लाह तआला उसके लिए जन्नत हराम कर देगा और उसे जन्नत नसीब नहीं करेगा। (सही अल् बुख़ारी पुस्तक الاحكام باب من استرعى رعية فلم ينصح हदीस 7151-7150) अतः यह बहुत बड़ी चेतावनी है, बड़े भय का स्थान है, बड़ी फ़िक्र वाली बात है।

फिर एक रिवायत में आता है कि आँहज़रत सल्लल्लाहो अलैहि वसल्लम ने फ़रमाया। तुम में से प्रत्येक निगरान है और अपनी रियाया के विषय में पूछा जाएगा। यह लंबी रिवायत है और जगहों का, निगरानों का भी यहां वर्णन है लेकिन जो अपने संबंध में है वह मैं पढ़ देता हूँ। फ़रमाया कि अमीर भी निगरान है। (सही अल् बुख़ारी पुस्तक अल् हकाम बाब قول الله تعالىٰ اطيعوا الله و اطيعوا الرسول...الخ हदीस 7138) अर्थात ओहदेदार भी। इस में ओहदेदा-रान भी शामिल हैं कि वे निगरान हैं और प्रत्येक से अपनी प्रजा के बारे में पूछा

जाएगा। प्रजा से मुराद वे लोग नहीं जिन पर हुकूमत की जाती है बल्कि वे लोग हैं जिनकी सहायता करने की, उनकी इस्लाह की, उनकी बेहतरी की ज़िम्मेदारी डाली गई है।

अतः इसी हदीस में उदाहरण दी गई है कि पति अपने घर का निगरान है, औरत अपने बच्चों की निगरान है। (सही अल् बुख़ारी کتاب الاحکام باب قول اللہ تعالیٰ اطیعوا اللہ و اطیعوا الرسول ... हदीस 7138) तो हुकूमत करने के लिए तो निगरान नहीं। उनकी तर्बीयत के लिए, उनकी बेहतरी के लिए योजना बनाने के लिए, उनकी ज़रूरियात पूरी करने के लिए निगरान है। अतः अगर यह ज़िम्मेदारी अदा नहीं कर रहे तो आँहज़रत सल्लल्लाहो अलैहि वसल्लम के इरशाद के मुताबिक़ जन्नत हराम हो जाती है। अतः

वे लोग जो निगरान बनाए गए हैं, ओहदेदार बनाए गए हैं अगर सही तरह काम सरअंजाम नहीं दे रहे और अपने इलाक़े में सिर्फ ख़लीफ़-ए-वक़्त के नुमाइंदे, तथाकथित नुमाइंदे बने बैठे हैं वे ख़लीफ़ा वक़्त को भी बदनाम कर रहे हैं और ख़लीफ़-ए-वक़्त को भी गुनहगार बना रहे हैं।

जैसा कि मैंने उदाहरण दी थी कि रिपोर्टें महीनों नहीं भेजते। अब ऐसे लोगों के बारे में मेरे पास इस के इलावा और कोई हल नहीं कि अगर हक़ीक़त में वह अपनी इस्लाह नहीं करते तो उनको ख़िदमत से फ़ारिग़ कर दिया जाए और मैं फिर उनके गुनाहों में शामिल न हूँ। अतः मैं भी अल्लाह तआला से अस्तग़फ़ार करता हूँ। ये लोग भी अस्तग़फ़ार करें और अपनी इस्लाह करें। अल्लाह तआला करे कि ख़िलाफ़त-ए-अहमदिया को हमेशा ऐसे सुलतान नसीर अता हों जो अपनी ज़िम्मेदारियों को समझते हुए अपने काम सरअंजाम दें न यह कि सिर्फ ओहदा लेने के लिए ओहदे सँभाले हों।

यह भी एक बहुत तवज्जा देने वाली बात है जिसके बारे में आँहज़रत सल्ल-ल्लाहो अलैहि वसल्लम का यह आदेश है कि

जो शख़्स मुस्लमानों के इजतेमाई मुआमलात का ज़िम्मेदार हो अल्लाह तआला उसकी हाजात और उद्देश्यों को पूरा नहीं करेगा जब तक वह लोगों की ज़रूरियात पूरी न करे।

अतः जहां यह ज़िम्मेदारी ख़लीफ़ा वक़्त की है वहां इन समस्त ओहदेदारों की भी है जो ख़लीफ़ा वक़्त के अपनी अपनी जमाअतों में नुमाइंदे हैं और ये ओहदेदारों पर बहुत बड़ी ज़िम्मेदारी है। केवल आमिला के इज्लासों में अपनी राय देकर और मीटिंगज़ में शामिल हो कर समझ लेना कि हमने अपना फ़र्ज़ अदा कर दिया है यह काफ़ी नहीं है। लोगों की बेहतरी के लिए मंसूबा बंदी करना और फिर इस पर अमल दरआमद करवाना अत्यधिक ज़रूरी काम है। और जो माध्यम हमारे पास हैं उनके अंदर रहते हुए लोगों की ज़रूरियात पूरी करने का जो बेहतरीन हल हो सकता है वह हमें निकालना चाहिए। इस के लिए संसार की ज़रूरियात पूरी करने के लिए विभाग उमूर-ए-आम्मा भी है और विभाग सनअत-ओ-तिजारत है और इस तरह ज़ेली तन्ज़ीमों को इसके लिए अपना सक्रिय किरदार अदा करना चाहिए। निसंदेह हमारे पास माध्यम कम हैं लेकिन जो हैं उनके बेहतरीन प्रयोग से उचित योजना बना कर बहुत सारों की सहायता कर सकता है।

एक विभाग जो आजकल तक़रीबन समस्त जमाअतों के लिए एक चैलेंज बना हुआ है वह रिश्ता नाता का विभाग है।

इस के लिए बहुत बड़े योजनाबद्ध तरीक पर कार्य करने की ज़रूरत है। जमाअती निज़ाम को भी, ज़ेली तन्ज़ीमों के निज़ामों को भी एक दूसरे के साथ मिलकर ईआह काम करना होगा। यहां फिर जमाअती भी और ज़ेली तन्ज़ीमों के भी विभाग तर्बीयत को बहुत सक्रिय करने की ज़रूरत है।

फिर उसी विभाग की तरफ़ बात पलट जाती है। अगर हमारे नौजवानों की सही तर्बीयत हो तो हम आँहज़रत सल्लल्लाहो अलैहि वसल्लम के इस इरशाद को हमेशा सामने रखें कि रिश्ते के मुआमले में दौलत, ख़ानदान और ख़ूबसूरती की बजाय दीन को फ़ौक़ियत दो।

(सही अल् बुख़ारी पुस्तक النکاح باب الاکفاء فی الدین हदीस 5090)

अगर यह हमारी प्राथमिकता हो जाएगी तो फिर लड़के भी और लड़कियां भी अपनी दीनी हालतों को बेहतर करने और ख़ुदा तआला से ताल्लुक़ जोड़ने को तर्जीह देंगे और इस तरह हम अपनी अगली नसल को महफ़ूज़ कर सकेंगे अन्यथा आजकल दज्जाल जो चालें चल रहा है इस से मामूली कोशिशों से बचना बहुत मुश्किल है। इस के लिए तो बहुत वसीअ मंसूबा बंदी करनी होगी।

हर ओहदेदार को पहले अपने घर की इस्लाह की ज़रूरत है।

फिर जमाअत में इस बात की तरफ़ बहुत तवज्जा दिलाने की ज़रूरत है कि दीन को संसार पर प्राथमिकता देने का हमारा अह्द केवल अह्द ही न हो बल्कि हम में से प्रत्येक उस की अमली शक्ल बन जाए। जब ये होगा तभी हम दज्जाल का मुक़ाबला कर सकेंगे। अपनी नसलों को बचा सकेंगे। अपने ओहदों की भी रक्षा कर सकेंगे, उनका हक़ अदा कर सकेंगे और अपनी अमानतों का भी हक़ अदा कर सकेंगे। अतः संसार की समस्त जमाअतों की मुल्की और स्थानीय आमला और इसी तरह ज़ेली तन्ज़ीमों को इस बारे में बहुत सोच विचार और एक लायेहा-ए-अमल की ज़रूरत है ताकि अपनी अमानतों का हक़ अदा कर सकें।

जैसा कि मैंने उमूर-ए-आम्मा के काम की मुख़्तसेरन थोड़ी सी मिसाल दी थी।

हमारे निज़ाम में उमूर-ए-आम्मा का भी एक विभाग है और यह विभाग भी बहुत अहम समझा जाता है और है भी लेकिन साधारणतः यह तास्सुर पैदा हो गया है कि इस विभाग के काम लोगों को सज़ाएं दिलवाना या सख़्ती से लोगों को चेतावनी देना है। उमूर-ए-आम्मा के विभाग में काम करने वाले लोगों को संसार में हर जगह पता होना चाहिए कि उनका सिर्फ इतना काम नहीं है। ये तो काम का एक हिस्सा है और सख़्ती से चेतावनी देना तो बहरहाल उनका काम नहीं है। जब कोई हल न हो तो ये एक अंतिम सीमा होती है जहां सज़ा के तौर पर सिफ़ारिश की जाती है। यहां फिर मैं यही कहूँगा कि अगर विभाग तर्बीयत सक्रिय है तो उमूर-ए-आम्मा के बहुत से मसायल हल हो जाते हैं जो जमाअत के लोगों के आपस के झगड़ों से ताल्लुक़ रखते हैं या जमाअत के लोगों के ग़लत कामों में ग्रस्त होने से ताल्लुक़ रखते हैं या मुख़ालेफ़ीन के किसी माध्यम से या कमज़ोर ईमान वालों के माध्यम से जमाअत में बेचैनी पैदा करने की जो कोशिश होती है इस से ताल्लुक़ रखते हैं।

और कई जगह तर्बीयत के विभाग ने जमाअत के लोगों के साथ एक ख़ास ताल्लुक़ पैदा करके इस बारे में कोशिश भी की है तो जहां लोगों की शिकायात इस कोशिश से दूर हुईं और निज़ाम से बदज़नी दूर हुई वहां उन्होंने जमाअती फ़ैसलों का सम्मान भी किया और उसे सम्मान से स्वीकार भी किया और फिर मुख़ालेफ़ीन की जो मुनाफ़क़ीन या बुरी नियत वालों ने फ़ायदा उठाने की कोशिशें थीं वे भी नाकाम हुए। अतः शोबा तर्बीयत और उमूर-ए-आम्मा को कुछ मुआ-मलात में मिलकर काम करने की बहुत ज़रूरत है।

जैसा कि मैंने कहा उमूर-ए-आम्मा का काम तो बहुत अधिक है। जमाअत में आर्थिक स्थिरता पैदा करने के लिए प्रोग्राम बनाना उनका काम है। जमाअत के लोगों को नौकरी और अन्य माध्यमों से रोज़गार के लिए मार्गदर्शन और सहायता करना उनका काम है। ख़िदमत-ए-ख़लक़ के कामों को सरअंजाम देना उनका काम है। प्यार और मुहब्बत से समझा कर झगड़ों को ख़त्म करवाना उनका काम है इत्यादि इत्यादि। लेकिन कज़ा के कार्यों में उमूर-ए-आम्मा का बहरहाल दख़ल नहीं है कि फ़ैसला करना शुरू कर दें।

हाँ क़ज़ा के फ़ैसलों को लागू करवाना उनका काम है लेकिन इस में फ़ैसला के बाद अगर कोई पक्ष उस पर अमल करने में बहाने बनाता है तो उमूर-ए--आम्मा के विभाग का काम है कि उसे आराम से समझाएँ कि इस पर अमल न कर के क्यों अपना दीन बर्बाद करते हो। थोड़े से सांसारिक लाभ की ख़ातिर क्यों अपना दीन बर्बाद करते हो। और फिर ऐसे लोग मेरा वक़्त भी ज़ाए करते हैं। ये बार-बार मुझे लिखते रहते हैं हालाँकि ख़ुद ग़लती पर होते हैं। तो बहुत से लोग समझ जाते हैं अगर उनको समझाया जाए। बहरहाल

उमूर-ए-आम्मा का काम सिर्फ सज़ाएं दिलवाना नहीं है बल्कि उन सज़ाओं से लोगों को बचाना है और इसके लिए उन्हें हर संभव कोशिश करनी चाहिए।

अगर कहीं ग़लत काम होता देखें या समझें कि इस से जमाअती मुफ़ाद को नुक़्सान पहुंच सकता है तो फ़ौरन विभाग तर्बीयत को भी साथ मिला कर और मुरब्बीयान की सहायता भी हासिल कर के जहां वह जमाअती लाभ की हिफ़ाज़त करेंगे वहां लोगों के ईमान बचाने की भी कोशिश करेंगे और यह करनी चाहिए।

कई दफ़ा ओहदेदारों के व्यवहार निज़ाम के बारे में बद ज़न्नियाँ पैदा कर देते

हैं।

उदाहरणतः यह कि अगर किसी ने अपनी ज़रूरत के लिए ख़लीफ़ा वक़्त को दरख़ास्त दी है तो सदर जमाअत या अमीर जमाअत या उमूर-ए-आम्मा या अगर किसी ख़ास विभाग से संबंध है तो उसके काम करने वाले इस शख़्स से सख़्ती करते हैं कि हमारे द्वारा से क्यों नहीं दरख़ास्त दी। और मुआमला लटक जाता है बजाय इसके कि यदि मर्कज़ से उनको रिपोर्ट के लिए कहा गया है तो फ़ौरी रिपोर्ट भिजवाएं। फिर जब उत्तर नहीं जाते तो इस शख़्स को बदज़नी पैदा हो जाती है और बराह-ए-रास्त लोग मुझे लिखते हैं कि हमारी दरख़ास्तें नहीं पहुंचतीं। जिन दरख़ास्तों पर जब लंबा अरसा कार्रवाई नहीं होती तो उनको खासतौर पर बदज़नी पैदा होती है। लोग समझते हैं कि ख़लीफ़-ए-वक़्त को हमारी दरख़ास्त पहुंची ही नहीं है। ऐसी भी सूरत-ए-हाल हो जाती है। एक तरफ़ तो यह कि हमारे से क्यों नहीं पूछा, दूसरे यह कि क्योंकि हमारे से पूछा नहीं इसलिए इस पर कार्रवाई न करो। और फिर ग़लतफ़हमियाँ पैदा होती हैं ख़लीफ़-ए-वक़्त पर और ख़लीफ़-ए-वक़्त के दफ़्तर पर। हालाँकि ये सब ग़लत है।

हर ख़त यहां पहुंचता है। जो यहां आ जाए वह पढ़ा भी जाता है, खोला भी जाता है। यह नहीं कि उसको रोक लिया जाए।

और हर किस्म की दरख़ास्त संबंधित जमाअत को रिपोर्ट के लिए भिजवाई भी जाती है। तो बहरहाल जमाअत के लोगों को मैं बता दूं कि जो भी ख़त उनका यहां आता है, यहां पहुंच जाए तो वह खोला भी जाता है, पढ़ा भी जाता है और इस पर कार्रवाई भी की जाती है।

संबंधित जमाअत का विभाग उसके उत्तर में देर लगती है। तो ऐसे ओहदे-दारान को ख़ौफ़ करना चाहिए कि उनके यह अमल जमाअत के लोगों और ख़लीफ़-ए-वक़्त में दूरी पैदा करने वाले होते हैं। निज़ाम के बारे में बद ग़लत-फ़हमियाँ पैदा करने वाले होते हैं और इस तरह वह संबंधित ओहदेदार गुनहगार बन रहा होता है। किसी के ईमान से खेल कर वह अपने आपको गुनहगार बना रहा होता है। अतः ऐसे लोगों को ख़ौफ़ करना चाहिए।

हर ओहदेदार को यह समझना चाहिए और खासतौर पर जिनके सपुर्द जमाअत के लोगों की ज़रूरियात का ख़्याल रखने का काम है कि अगर उन्होंने अपने काम में सुस्ती दिखाई और लोगों के हक़ अदा न किए तो न सिर्फ अपनी अमानतों में ख़ियानत करने वाले हैं बल्कि अल्लाह तआला की पकड़ में भी आने वाले हैं।

आँहज़रत सल्लल्लाहो अलैहि वसल्लम का यह इरशाद है। रिवायत में आता है कि जो इमाम, इस से मुराद हर ओहदेदार है, जरूरतमंदो, दरिद्रों और ग़रीबों के लिए अपना दरवाज़ा बंद रखता है अल्लाह तआला उसकी ज़रूरियात के लिए आसमान का दरवाज़ा बंद कर देता है।

(सुंन अल् तिरमेज़ी अबवाब الاحکام باب ماجاء فی امام الرعیة हदीस 1332)

अतः अगर कोई ऐसा सोच रखने वाला ओहदेदार या उनके दफ़्तर में काम करने वाले कारकुन हैं तो अल्लाह तआला का ख़ौफ़ रखते हुए लोगों की हाजतें पूरी करने में जल्दी किया करें या कम से कम जल्द रिपोर्ट दिया करें, फिर मर्कज़ का काम है कि जायज़ा लेकर देखे कि किस हद तक यह हाजत पूरी की जा सकती है लेकिन उत्तर ही न देना और दरख़ास्त को एक कोने में रख देना यह बहुत बड़ा अपराध है। अतः हमें कोशिश करनी चाहिए कि अल्लाह तआला की रज़ा हासिल करने की जहां तक संभव हो कोशिश करें। हर नेक काम करने की तरफ़ तवज्जा रखें। आँहज़रत सल्लल्लाहो अलैहि वसल्लम ने फ़रमाया जहां भी तुम अल्लाह तआला का तक़्वा इख़तेयार करो। अगर कोई बुरा काम करो तो उस के बाद नेक काम करने की कोशिश करो। यह नेकी बदी को मिटा देगी और लोगों से ख़ुशअख़लाक़ी और हुस्न-ए-सुलूक से पेश आओ।

(सुंन अल् तिरमेज़ी البر والصلة باب ماجاء فی معاشرة الناس हदीस 1987)

इसी तरह एक रिवायत में आता है कि आँहज़रत सल्लल्लाहो अलैहि वस-ल्लम ने अबू मूसा रज़ियल्लाहु अन्हो और मआज़ बिन जबल रज़ियल्लाहु अन्हो को यमन के दो अलैहदा हिस्सों की तरफ़ वाली निर्धारित करके भेजा तो यह नसीहत फ़रमाई कि

आसानी पैदा करना। मुश्किलें न पैदा करना। मुहब्बत-ओ-ख़ुशी फैलाना और नफ़रत न पनपने देना।

(सही अल् बुख़ारी पुस्तक المغازی باب بعث ابی موسیٰ و معاذ الی الیمن ... हदीस 4342-4341)

अतः यह वह नसीहत है जो हर ओहदेदार को जो लोगों से ज़्यादा वास्ता रखता है अपने लिए राहनुमा उसूल के तौर पर सामने रखनी चाहिए।

अतः यही वह तरीक़ है जिससे ओहदेदार जमाअत के अफ़राद की ख़िदमत का हक़ अदा कर सकते हैं और उनके ईमान की हिफ़ाज़त में भी किरदार अदा कर सकते हैं और जमाअत की इकाई को क़ायम रखने में भी अपना किरदार अदा कर सकते हैं और अपनी अमानतों के भी हक़ अदा कर सकते हैं और जब ये होगा तो एक ऐसा सुदंर समाज पैदा होगा जो सही इस्लामी समाज है और जिसके क़ायम करने के लिए हज़रत मसीह मौऊद अलैहिस्सलाम आए थे और हमने उनको मान कर बैअत का अह्द किया है।

अतः हमेशा ओहदेदार यह बात याद रखें कि जमाअत के लोगों ने उन्हें मुंतख़ब किया है या आइन्दा करेंगे तो इसलिए कि वह अपनी अमानतों का हक़ अदा करें लेकिन अगर उन्होंने अपनी सोच के साथ, मुंतख़ब करने वालों ने अपनी सोच के साथ इंतेख़ाब नहीं भी तो अब ओहदेदारों का काम है कि अल्लाह तआला ने उनके सपुर्द जो अमानतें कर दी हैं उनका हक़ अदा करें और अपने फ़रायज़ नेक नीयती से अदा करें। अल्लाह तआला का ख़ौफ़ दिल में रखते हुए अदा करें। अल्लाह तआला की रज़ा हासिल करने के लिए अदा करें। ख़लीफ़ा वक़्त का सुलतान-ए-नसीर बनते हुए अदा करें। जहां तक संभव हो लोगों के ईमानों की मज़बूती और उनको फ़ायदा पहुंचाने के लिए अदा करें।

और जब यह सोच रखेंगे और इस सोच के साथ अपने फ़रायज़ अदा करेंगे तो अल्लाह तआला आपके कामों में भी बरकत डालेगा और हर अवसर पर मुईन-ओ-मददगार भी होगा। अगर यह नहीं तो हम तक़्वा से दूर हटने वाले होंगे। ख़ुदा तआला से भी ख़ियानत कर रहे होंगे, ख़लीफ़ा वक़्त से भी ख़ियानत कर रहे होंगे और जिन लोगों ने भरोसा किया था सही या ग़लत उनके ईमानों को भी नुक़्सान पहुंचाने वाले होंगे।

